हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, सोमवार 30 मार्च 2026

11 धूमधाम से मनाया गया लीडिंग सीनियर...



12 मसूदपुर माइनर टूटी, लोहारी राघो में सैकड़ों...





श्रीकृष्ण लीला का वर्णन सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु, जय गोपाला व जय गोमाता के उद्घोष से गूंजा पंडाल

# गोमाता की सेवा करना प्रभु के प्रति प्रेम भक्ति, सात्विकता और निष्ठा का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

श्री सुरभि गो महायज्ञ, सवा करोड़ श्री सुरभि मंत्र जाप अनुष्ठान और श्रीमद गो भागवत कथा में आस्था का सागर उमड़ रहा है। इस गो शक्ति जागरण अनुष्ठान में हिसार शहर व विभिन्न गांवों से श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। तोशाम रोड स्थित सरस्वती कॉलेज प्रांगण में चल रहे इस अनुष्ठान के छठे दिन गो महायज्ञ व गोकथा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत की।


हिसार। श्री सुरभि गो महायज्ञ में उपस्थित सम्मानित अतिथि।

कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक ने गोकथा के दौरान श्रीकृष्ण लीला का वर्णन किया तो श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमने लगे। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण गायों की सेवा और रक्षा करते थे, इसलिए उन्हें गोपाला कहा जाता है। गायों के बीच निवास करने के कारण उन्हें गोविंद कहा जाने लगा। देवराज इंद्र के प्रकोप से गोकुलवासियों व गायों को बचाने के लिए उन्होंने गोवर्धन पर्वत को उठाया। यह गोमाता के प्रति श्रीकृष्ण के असीम प्रेम को दर्शाता है। विदुषी बेला पारीक ने कहा कि गोमाता की सेवा करना प्रभु के प्रति प्रेम, भक्ति, सात्विकता और निष्ठा का प्रतीक है।

श्री सुरभि गो महायज्ञ के छठे दिन सरस्वती कॉलेज ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन विजय ढल, कमलेश ढल, डायरेक्टर विकास ढल, डॉ. सोनिया रानी, दीपक ढल, बजरंग जिंदल, पवन जिंदल, गीता देवी गुप्ता, नीरज कुमार गुप्ता, महावीर अग्रवाल, सत्यप्रकाश आर्य व मनीराम ने जनकल्याण के निमित हवन किया। छठे दिन श्रीमद गो भागवत कथा में मेयर प्रवीण पोपली मुख्यातिथि के रूप में मौजद रहे। इस अवसर पर केशव टंड, मुकेश टांगड़ी, रविंद्र धवन, पृथ्वी सिंह व विजय ढल ने विधि-विधान से दीप प्रज्वलित किया।

मातृभूमि सेवा संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष कथा वाचिका विदुषी बेला पारीक ने सालीग्राम गोशाला से सुरेंद्र गर्ग, हकृवि शिक्षक संघ प्रधान डॉ. अशोक गोदारा, डॉ. मदन खीचड़, डॉ. ओमप्रकाश बिश्नोई, डॉ. रामनिवास सैनी, सतीश सेहरा, बिट्टू, ठसका मंदिर से सीताराम, डॉ. श्रीकांत, भाजपा जिला युवा अध्यक्ष विकास गोड़, पूर्व पार्षद सुशील शर्मा, सुरेश जांगड़ा, प्रकाश व पवन वत्स को पटका पहनाकर सम्मानित किया।

सरस्वती कॉलेज ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर व गो शक्ति जागरण अनुष्ठान संचालन समिति के व्यवस्था प्रमुख विकास ढल ने बताया कि 30 मार्च को आयोजित होने वाले पूर्णाहुति गो महायज्ञ व भंडारे की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## कलश यात्रा के साथ हनुमान मंदिर का वार्षिक महोत्सव शुरू



हिसार। जवाहर नगर की गली नंबर दो स्थित रामभक्त हनुमान मंदिर समिति के 31वें वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार प्रातः ढोल-दमाकों के साथ कलश यात्रा निकाली गई। सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश उठाये यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा से पूर्व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। मंदिर समिति के प्रधान इन्द्र चंद राठी ने बताया कि कलश यात्रा के बाद संगीतमय हनुमान कथा शुरु की गई। रोहतक से आए कथा व्यास अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवताचार्य श्रीराम निरमोही ने प्रवचन दिए। इससे पूर्व हिसार के भजन सम्राट डॉ. मोहन तनेजा ने भजनों की वर्षा की। इन्द्र चंद राठी ने बताया कि 1 अप्रैल तक रोजाना सायं 4 बजे से 7 बजे तक कथा होगी। 1 अप्रैल को प्रातः 6:30 बजे सत्यनारायण कथा की जाएगी। इसके बाद अखण्ड हनुमान चालीसा पाठ प्रारंभ किये जाएंगे जिनका समापन 2 अप्रैल को प्रातः 7:30 बजे किया जाएगा। इसके बाद हवन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्वामी सत्यानंद महाराज व अन्य विद्वान भजन, सत्संग व प्रवचन देंगे। दोपहर 1 बजे भंडारा चलाया जाएगा। इसी दिन सायं 7:30 बजे सामूहिक सुंदरकाण्ड का पाठ किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पार्षद राजेश अरोड़ा रिंकू के अलावा मंदिर समिति की ओर से केके सेहरा, भगतचंद मेहता, प्रीतम छाबड़ा आदि थे।

## नगर में धूमधाम से निकाली श्रीकृष्ण-बलराम की शोभा यात्रा



हिसार। भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से हिसार में श्रीकृष्ण बलराम शोभा यात्रा महोत्सव देश विदेश से आये हुए भक्तों के साथ धूमधाम से मनाया गया। श्रील प्रभुपाद के शिष्य श्रील सुभग स्वामी महाराज की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से हिसार में सातवीं बार श्रीकृष्ण बलराम भगवान की शोभा यात्रा अत्यंत भक्तिभाव पूर्वक मनाई गई। स्पेन निवासी मन्दिर प्रमुख गोपाल भट्ट दास ब्रह्मचारी ने बताया कि ये शोभा यात्रा बिश्नोई मन्दिर, राजगुरु मार्केट से शुरु हुई जो शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए वापिस बिश्नोई मन्दिर में विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान कृष्ण बलराम को 108 से भी अधिक भोग अर्पित किए गए। इसमें राजस्थान, उत्तरप्रदेश, पंजाब हरियाणा आदि के भक्तों ने मिलकर भगवान के लिए नाना प्रकार के व्यंजन बनाए।



## ध्यान की खिलावट से जीवन आनंदमय खुशहाल व उत्सवमय हो जाता है : संजय

हिसार। साधकों को ध्यान विधियों से साक्षात्कार करवाने और खुशहाल जीवन के उपाय साझा करने के लिए सिरसा रोड स्थित ओशो ध्यान उपवन में ध्यान की खिलावट विषय पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस ध्यान सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से साधकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने साधकों को ध्यान के विविध आयामों से परिचय करवाते हुए ध्यान की खिलावट के महत्व से रूबरू करवाया। ध्यान की खिलावट के बारे में समझाते हुए स्वामी संजय ने कहा कि भूतकाल के कलह व विपदाओं को भूलकर और भविष्य की चिंताओं को छोड़कर साधकों को वर्तमान में जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि इंसान को बिना उलझे और बिना किसी निर्णय के विचारों को आते-जाते देखते हुए साक्षी भाव अपना चाहिए। उन्होंने समझाया कि ध्यान की खिलावट से जीवन आनंदमय, खुशहाल और उत्सवमय हो जाता है। स्वामी संजय ने कहा कि जब साधक का ध्यान गहरा होता जाता है तो जीवन स्वत: ही प्रेम और संवेदनशीलता से भर जाता है। स्वामी संजय ने बताया कि सतगुरु ओशो ने ध्यान की खिलावट पर बड़े ही सारगर्भित प्रवचन दिए हैं। उनके संचित प्रवचनों के अनुसार ध्यान का अर्थ है कि मन में चल रहे विचारों और भावनाओं का सिर्फ गवाह बनना। जो भी हो रहा है सांसें, विचार या भावनाएं, उन्हें तटस्थ होकर देखना है। ओशो ने कहा है कि ध्यान केवल सुबह या शाम का समय नहीं है बल्कि यह हर पल के प्रति जागरूक रहने की एक कला है। जब इंसान मन से मुक्त हो जाता है तो वह अपने वास्तविक स्वरूप से जुड़ता है जो शांत और आनंदमय है।

# जूनोटिक रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आवश्यक : डॉ. नरेश जिंदल

■ लुवास में रेबीज निदान के लिए पशु चिकित्सकों का हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के पशु जन स्वास्थ्य और महामारी विज्ञान विभाग में हरियाणा के पशु चिकित्सकों के लिए रेबीज निदान विषय पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा के महानिदेशक डॉ. प्रेम सिंह 0 संयुक्त निदेशक डॉ. सुखदेव राठी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डॉ. नरेश जिंदल ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम 'वन हेल्थ' अवधारणा को सुदृढ़ करने के साथ-साथ जूनोटिक रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। पशु जन स्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश खुराना ने बताया कि यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों के ज्ञान एवं कौशल को बढ़ाकर इस घातक रोग के प्रभावी नियंत्रण में सहायक सिद्ध होगा। प्रशिक्षण का संचालन विभाग के प्रोफेसर डॉ. विजय जे. जाधव तथा सहायक प्रोफेसर डॉ. मनेश कुमार द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. श्रीकृष्ण इस्लूर, निदेशक, विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन रेबीज रेफरेंस लेबोरेटरी, पशु चिकित्सा महाविद्यालय, बेंगलुरु ने प्रतिभागियों को कुत्तों में रेबीज निदान हेतु ब्रेन सैंपलिंग एवं आधुनिक नैदानिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।


हिसार। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

प्रशिक्षण सत्र में रेबीज रोग से संबंधित सैद्धांतिक व्याख्यानों के साथ-साथ विभिन्न डायग्नोस्टिक परीक्षणों की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके पश्चात प्रतिभागियों को कुत्तों एवं अन्य पशु प्रजातियों से ब्रेन सैंपलिंग, लैटरल फ्लो असे, डायरेक्ट फ्लोरेसेंट एंटीबॉडी परीक्षण तथा उनके परिणामों की वैज्ञानिक व्याख्या का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में पशुपालन एवं डेयरी विभाग, हरियाणा के कुल 10 पशु चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की सफलता में पशु जन स्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान विभाग तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इनमें पशु रोग विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. विकास नेहरा, वैज्ञानिक डॉ. बाबूलाल जांगिड़, पशु शरीर रचना विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण गहलोत, टीवीसीसी प्रमुख डॉ. ज्ञान सिंह तथा वैज्ञानिक डॉ. मनीष शर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे।


कबीर सत्संग भवन में प्रवचन करते महंत दया सागर महाराज।

## हमें शुभ कर्म करते हुए दुर्व्यसनों से दूर रहकर जीवन को सफल बनाना चाहिए

हिसार। हमें भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलकर अपने जीवन को सार्थक बनाना चाहिए। भगवान राम सतपुरुष पूर्ण परमात्मा एवं मर्यादा पुरुषोत्तम हैं और उनके उच्च आदर्श आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। इसलिए सभी को भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में अपने फर्ज निभाने चाहिएं। यह बात श्री गरीब दास सर्वोच्च पीठाधीश्वर महंत दयासागर ने स्थानीय महावीर कालोनी महात्मा ज्योतिबा फुले मार्ग गली नं. 35 स्थित कबीर सत्संग भवन में तीन दिवसीय गरीबदास महाराज की अमृतवाणी व अखंड पाठ के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य मुक्ति व मोक्ष है जिसके लिए हर समय सचेत रहते हुए प्रयत्न करने चाहिएं। जीवन बहुत थोड़े समय के लिए मिला है यदि इसे यूं ही व्यसनों, आलस, निद्रा, खान-पान इत्यादि में बिता दिया तो अंत समय में केवल हमें पछतावा ही करना पड़ेगा। इसलिए समय रहते हमें सभी प्रकार से व्यसनों से दूर होकर एकमात्र प्रभु भक्ति और अपनी मुक्ति व मोक्ष पर अपना ध्यान लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें शुभ कर्म करते हुए तथा सभी प्रकार के दुर्व्यसनों से दूर रहकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। संत शिवदास ने बताया कि रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में जगतगुरु आचार्य श्री गरीबदास महाराज की अमृतमयी वाणी का तीन दिवसीय 30वां अखण्ड पाठ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वामी दीप्तानंद अवधूत आश्रम खरड़-अलीपुर से स्वामी जितेंद्रानंद, श्री स्वामी हरि रामानंद गरीब दासी संत सांगा हेड़ा, स्वामी करतार दास दादू पंथी भी उपस्थित हुए जिन्होंने प्रवचन किए। तीन दिवसीय कार्यक्रम में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर वाणी के पाठ का श्रवण किया व धर्म लाभ उठाया।


हिसार। भागवत कथा में प्रवचन देते स्वामी राजदास महाराज व उपस्थित श्रद्धालु।

## अपने धर्म व संस्कृति से जुड़े रहें : राजदास महाराज

हिसार। श्रीकृष्ण प्रणामी महिला सत्संग मंडल, मिल गेट के तत्वाधान में अटल चौक, कैप्टन आरसी स्कूल रोड पर चल रही संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा दूसरे दिन भी जारी रही। इसमें भागवत वाचस्पति श्रीश्री 108 स्वामी राजदास महाराज (कैमरी आश्रम) ने प्रवचन दिए। स्वामी राजदास ने कहा कि कथा-सत्संग मानव मात्र का कल्याण करने के लिये किये जाते हैं। हमें अपने धर्म और संस्कृति से हमेशा जुड़े रहना चाहिये। धर्म हमारी जड़ें हैं। जब तक अपनी जड़ों से जुड़े रहेंगे, तब तक हमारी उन्नति के मार्ग प्रशस्त होते चले जाएंगे और जब हम अपने धर्म और संस्कृति से दूर होते हैं तो हमारा पतन होने लगता है।

■ मिल गेट में भागवत कथा दूसरे दिन रही जारी

भागवत कथा के माध्यम से अनेक प्रेरणादायी कथाओं का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि आज समाज में अनेक तरह की बुराईयां फैल चुकी हैं, जिनके दुष्प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। चिंतन और मनन करने की जरुरत है। हमें विशेषकर युवा पीढ़ी को भटकने से बचाना है। उन्हें नशे से दूर रखना है तो धर्म से जोडऩा अति आवश्यक है। जब हम सत्संग से जुड़ जाते हैं तो हमारे ऊपर भौतिक चीजों का प्रभाव कम होता चला जाता है, जिससे जीवन संतुष्टिपूर्ण एवं शांतिपूर्ण हो जाता है।

# साईं मंदिर के भोग, कीर्तन और भंडारे में सैकड़ों लोगों ने लिया भाग

हिसार। इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बरवाला चुंगी के पास स्थापित साईं मंदिर में 12वां विशाल भंडारा पूरे उत्साह के साथ लगाया गया। यह भंडारा केवल एक धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं रहा बल्कि सेवा, संस्कार व स्वावलंबन का जीवंत उदाहरण बनकर उभरा।

इस भंडारे व धार्मिक आयोजन में 600 से अधिक श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और उन्होंने साईं भोग व कीर्तन में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर हिसार नगर निगम के मेयर प्रवीन पोपली ने साईं बाबा के चरणों में भोग अर्पित करके मंदिर में शीश नवाया। उन्होंने भक्ति भाव से प्रार्थना की और कीर्तन में सहभागिता की। इस दौरान इंदिरा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष रजत गुप्ता ने ट्रस्ट की सामाजिक गतिविधियों की जानकारी साझा की। रजत गुप्ता ने बताया गया कि वर्ष 2015 से अब तक 12 हजार से अधिक बेटियों को निशुल्क कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाया गया है। हर घर उद्यमी मिशन 2030 के तहत 25 हजार बेटियों को सशक्त करने का संकल्प भी समाज के सामने रखा गया है, जो नए भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम है। रजत गुप्ता ने सभी अतिथियों व श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब सेवा का उद्देश्य केवल दान नहीं बल्कि किसी के जीवन को बदलना हो, तभी सच्चे अर्थों में राष्ट्र निर्माण होता है। इस अवसर पर भजन गायक सुमित मित्तल व गायिका देविका की भक्ति-रस से सराबोर प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को साईंमय कर दिया। श्रद्धालु भक्ति और सेवा के इस संगम में भाव-विभोर हो उठे। इस अवसर पर सुशील कौशिक, अशोक कौशिक, हरिओम मंगाली वाले, सुमित मित्तल, के.पी. गुप्ता आदि उपस्थित थे।



## संदीप सेलवाल गुरु रविदास सेवा ट्रस्ट के प्रधान बने

उकलाना। गुरु रविदास भवन उकलाना में गुरु रविदास सेवा ट्रस्ट की बैठक हुई। इसमें ट्रस्ट से जुड़े समाज के गणमान्य व्यक्तियों और बुद्धिजीवियों ने समाज हित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में समाज की एकता, शिक्षा और सामाजिक उत्थान को ध्यान में रखते हुए ट्रस्ट की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में संदीप सेलवाल को प्रधान, अमित मुवाल एवं डॉ. सुरेन्द्र को महासचिव, आशीष शिल्ला को कोषाध्यक्ष, गुलाब मुवाल को सचिव, सुमित को उपप्रधान तथा अमन भारतीय को प्रेस सचिव चुना गया। इसके अलावा सुरेश सोढ़ी और सुरेश मुवाल को कार्यकारिणी सदस्य तथा बलराज सेलवाल, आजाद पातलान और दर्शन लितानी को सलाहकार के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि ट्रस्ट समाज के विकास, शिक्षा के प्रसार और सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। उन्होंने सभी सदस्यों से आपसी सहयोग और समर्पण के साथ समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर रामकुमार ग्रोवर, राममेहर डूमरखां, मास्टर बलराज सेलवाल, भलेराम सिहाग, होशियार सिंह मेहरा, महावीर कुंडू, जगबीर भक्त, दलीप हसनगढ़, पंजाब सिंह, अनिल मेहरा, बलबीर बौद्ध, मास्टर सज्जन, भूपेन्द्र सेलवाल, समन्दर लाम्बा, तुर्की मुवाल, सुरेश सोढ़ी, अमन भारतीय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


हिसार। श्याम मंदिर में बाबा का गुणगान करते श्रद्धालु।

## श्याम बाबा.... चरणों मे तेरे अरदास लाया हूं

हिसार। सेक्टर 16-17 स्थित श्री श्याम मंदिर में एकादशी के पावन अवसर पर भव्य संध्या कीर्तन का आयोजन किया गया। शुक्ल एकादशी के अवसर पर सुबह से ही मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और भक्तों की लंबी-लंबी कतारें दर्शन हेतु लगी रहीं। कीर्तन के दौरान पूरा मंदिर परिसर श्याम नाम के जयकारों से गूंज उठा। चरणों में तेरे अरदास लाया हूं, ओ खाटू के राजा,झलक तो दिखा जा,कीर्तन की है रात बाबा आज थानैआनो है,श्याम तेरे भरोसे मेरा परिवार है आदि भजनो पर श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन होकर श्याम बाबा के भजनों पर झूमते नजर आए। वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया और हर ओर आस्था व श्रद्धा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। मंदिर में आए सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई। भक्तों ने बड़े ही श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर समिति के प्रधान दिनेश बिंदल त्रिलोक बंसल, उपप्रधान त्रिलोक बंसल, आशीष जैन, अजय जैन, दीपक मित्तल, अमित जेन मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

■ एकादशी पर श्री श्याम मंदिर में भव्य कीर्तन, भक्तों की उमड़ी भारी भीड़

## बेटियां नै खूब पढ़ाओ रै... और बदल गया हरियाणा...में झलकी हरियाणवी संस्कृति

बरवाला। मॉडल टाउन बरवाला स्थित दयानंद पब्लिक स्कूल के प्रांगण में वार्षिक पारितोषिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बाला जी अल्ट्रासाउंड डायरेक्टर डॉ. देशराज वर्मा ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के प्रांतीय संरक्षक तेलूराम रामायणवाला ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बरवाला उपमंडल बनने के बाद पहले डीएसपी रहे राजेंद्र कुमार श्योराण ने शिरकत की। स्कूल प्रबंधक संदीप भनवाला व कोर्डिनेटर नरेश भ्याण ने बताया कि कार्यक्रम में अंशु की पार्टी ने बेटियां नै खूब पढ़ाओ रै एवं दिक्षा की पार्टी ने बदल गया हरियाणा वो हंसी मखौल कहा, हरियाणवी डांस के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति की याद दिलाई, जबकि रूपाली एंड पार्टी ने दुनिया दे सारे झण्डया तो साडा एक तिरंगा भारी पंजाबी गीत पर सब की तालियां बटोरी, इसी तरह समर एंड पार्टी ने हम वक्त बदल देंगे तथा नर्सरी से तीसरी कक्षा के बच्चों दादी अम्मा दादी अम्मा मान जाओ न, टन टन घंटी बजी स्कूल की, केरियर पर तु फोकस कर तथा झांसी की रानी, आपरेशन सिंदूर, अभी उड़ान बाकी है पर शानदार प्रस्तुति देते हुए सबका ध्यान आकर्षित कर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। मंच संचालन स्कूल के छात्र शांतनु, पावनी, संदीप सांगवान व सुमन ने किया। स्कूल डायरेक्टर सत्यवान कुंडू व प्राचार्या सीमा भनवाला ने आए हुए अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर अमित सहारण, डॉ. सुरेंद्र सोनी, सुनील, अनूप सोनी, राजेंद्र, रोहतास, प्रदीप, बलबीर, धर्मबीर व नरेश आदि अभिभावक व स्टाफ मौजूद था।

# मानसिक शांति के लिए नियमित रूप से करें ध्यान: आचार्य सुभाष



हिसार। समर्थगुरु धारा (ओशोधारा) के तत्वाधान में समर्थगुरु धारा संघ की ओर से कौशिक नगर स्थित ध्यान साधना केंद्र में समर्थगुरु धारा संघ के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य सुभाष ने सुप्रभात ध्यान करवाया। आचार्य ने बताया कि सुप्रभात ध्यान मन, शरीर और आत्मा के संगठन को स्थिरता और शांति की दिशा में ले जाता है। यह एक तात्कालिक साधना है, जो स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। सुप्रभात ध्यान का अर्थ है 'सुप्रभात' या 'सुबह' में ध्यान लगाना। यह ध्यान प्रक्रिया अधिकतम स्थिरता और ध्यान की शक्ति को उत्पन्न करने के लिए शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक तत्वों को समाहित करती है। इसके माध्यम से व्यक्ति अपने आत्मविकास के मार्ग पर अग्रसर होता है। सुप्रभात ध्यान करने के लिए व्यक्ति शांत और शुद्ध वातावरण में बैठकर ध्यान के लिए समय निकालता है। ध्यानासन में सुखासन, पद्मासन या वज्रासन का उपयोग किया जा सकता है। ध्यानास्थिति में व्यक्ति अपने विचारों को शांत करता है और अपने श्वास का ध्यान रखता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से, व्यक्ति अपने मन को शांत करता है और आत्म-साक्षात्कार की दिशा में अग्रसर होता है। सुप्रभात ध्यान का अभ्यास नियमित रूप से किया जाना चाहिए ताकि व्यक्ति अपने जीवन में स्थिरता, संतुलन और आनंद को अनुभव कर सके। ज्ञात हो कि कोई भी ध्यान आपको किसी गुरु या प्रशिक्षित आचार्य के निर्देशन में ही करना चाहिए।

## पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने स. लखबीर सिंह को दी श्रद्धांजलि

उकलाना। हरियाणा के पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला रविवार को हलके के दौरे पर पहुंचे। अपने दौरे के दौरान उन्होंने सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेते हुए सबसे पहले गांव दौलतपुर पहुंचकर जेजेपी नेता नेकीराम श्योराण की बेटियों के विवाह समारोह में शिरकत की और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।

इसके बाद वे उकलाना गांव पहुंचे, जहां जेजेपी नेता सरदार गुरशरण सिंह के पिता स्वर्गीय सरदार लखबीर सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर सरदार गुरमुख सिंह का भी उन्होंने हाल-चाल जाना जेजेपी जिला अध्यक्ष अनिल बालकिया, हलका अध्यक्ष नरेश पूनिया, विजेंद्र धानक, बबलू गोदारा, मिठी किरमारा, तेजा पूनिया, नेकीराम श्योराण, रमेश मुगलपुरा, महावीर रेड्डू, मुकेश, बलवान फरीदपुर, रोहतास कंडूल, अनिल शर्मा, संदीप, हरीश, वीरेंद्र, सुनील, रामकिशन, बिन्दर बिठमड़ा, हरिकेश, अनूप, ओमप्रकाश, सुनील सहित अनेक जेजेपी कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

# भारत माता मंदिर की कलश यात्रा में जयघोषों से गूंजा पूरा वातावरण

हिसार। समाजसेवी स्व. चौ. फतेहचंद जी, स्व. माता हरबंस कौर जी एवं स्व. श्री विजय शर्मा जी की स्मृति में भारत माता मंदिर में आयोजित की जा रही शिव महापुराण कथा के लिए रविवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। महिलाओं ने पीले व लाल वस्त्र धारण करके एवं आम के पत्तों व नारियल से सुसज्जित कलश सिर पर धारण करके एमसी कॉलोनी व डीसी कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्र में शोभा यात्रा में हिस्सा लिया। कलश यात्रा का मार्गदर्शन वृंदावन के प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित कृष्ण शरण शास्त्री जी महाराज ने किया। इस दौरान जय भोले भंडारी के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस कलश यात्रा में आासपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कलश यात्रा में एम सी कॉलोनी के भारत माता मंदिर के संरक्षक अनिल महत्ता, पुजारी पंडित रामकिशोर शुक्ल, रामनिवास अग्रवाल सीए, रामबाबू सिंगल, आचार्य संतोष शास्त्री, सुनीता शर्मा, लता सिंगल, मनोरमा गुप्ता, परवीन अरोड़ा, इंदु गोयल, मधु बंसल, रेखा, बिमला कथूरिया मौजूद रहे। इस दौरान विवेक पाठक, वेदपाल, मास्टर मदन, जितेंद्र सोनी, अर्चना अग्रवाल, रीना गुप्ता, मीनू सिंगला, मीरा, कैलाश, कीर्ति मित्तल, प्रीति सिंगल, राधा शुक्ला, पूनम मित्तल, निशा गोयल, सुनैना सिंगला, अंजू गर्ग, माधुरी मिश्रा व सुनीता सोनी सहित भारत माता समिति एवं महिला मंडल की समस्त सदस्य उपस्थित रही।


हिसार। भारत माता मंदिर में शिव महापुराण कथा के लिए निकाली गई कलश यात्रा में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण।





हिसार। मन की बात कार्यक्रम सुनते जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता और रणधीर सिंह धीरू, अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## जिलेभर में बूथ स्तर पर सुना गया प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम

# 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री ने दिया देश की जनता को भरोसा : खेदड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से पेट्रोल, डीजल व गैस संकट की घड़ी में जनता को भरोसा दिया है। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के माध्यम से अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र करते हुए स्पष्ट कहा है कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है।

डॉ. आशा खेदड़ रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में पार्टीजनों के साथ यह कार्यक्रम सुन रही थीं। उन्होंने कहा कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री ने हमारे देश के विशेष उपलब्धि प्राप्त व्यक्तियों व संस्थाओं का जिक्र किया वहीं जनता को बार-बार भरोसा दिलाते हुए कहा कि किसी तरह की अफवाहों में न आएं।

जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम जिलेभर में बूथ स्तर पर सुना गया। जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिला महामंत्री आशीष जोशी, कृष्ण खटाना, कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, सुरेश जांगड़ा, पीयूष मेहता, राजकुमार इंदौरा, मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा व जितेन्द्र पनिहार सहित अनेक महिलाएं व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



उकलाना। प्रदेश महामंत्री का स्वागत करते पार्टीजन।

### प्रदेश महामंत्री ने सुनी मन की बात

**उकलाना।** नजदीक के गांव जाजनवाला स्थित बूथ नंबर 225 पर पूर्व ब्लॉक समिति चेयरमैन सुशील नैन के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना और प्रधानमंत्री के विचारों पर चर्चा की। इस दौरान प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया का कार्यकर्ताओं द्वारा माला पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संगठनात्मक एकता और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इसके उपरांत प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया समाजसेवी नफे सिंह नैन के आवास पर पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने उनका अभिनंदन करते हुए संगठन की गतिविधियों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। पूर्व ब्लॉक समिति चेयरमैन सुशील नैन ने सभी कार्यकर्ताओं का अपने आवास पर पहुंचने पर धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम संगठन को मजबूती प्रदान करते हैं और आपसी समन्वय को बढ़ाते हैं।

### बहुत ही प्रेरणादायक व उत्साहवर्धक रहा कार्यक्रम: डॉ. कमल गुप्ता

**हिसार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 132वें एपिसोड को पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने पार्टी कार्यकर्ताओं व कॉलोनीवासियों के साथ सामूहिक रूप से देखा। कार्यक्रम का आयोजन ऋषि नगर स्थित पवन बिश्नोई के प्रतिष्ठान पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने प्रधानमंत्री के विचारों को गंभीरता से सुना और देशहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम सदैव प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक रहा है। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से प्रधानमंत्री देशवासियों को सकारात्मक संदेश देते हैं और समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने विशेष रूप से अमेरिका-ईरान तनाव के कारण उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट का उल्लेख करते हुए कहा कि विश्व वर्तमान में बड़े संकट से गुजर रहा है, लेकिन भारत एकजुट होकर हर चुनौती का सामना करने में सक्षम है। मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धूप वाला ने बताया की इस अवसर पर रामचंद्र गुप्ता, कृष्ण बिश्नोई व गगन शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### पीएम जनता के मन में उत्पन्न हो रहे सवालों का जवाब दिया : धीरू

**हिसार।** भाजपा बरवाला विधानसभा के मिलगेट मंडल की ओर से आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत बूथ नंबर 126 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 132वां एपिसोड योग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता रणधीर सिंह धीरू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम बहुत ही प्रेरणीय है। देश की जनता को उनके इस कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार रहता है। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने ईरान जंग से उत्पन्न हुए हालात को लेकर आम जनता के मन में उत्पन्न हो रहे सवालों का जवाब दिया और आशंकाओं को दूर किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत हर संकट का एकजुटता के साथ सामना करेगा और हर परिस्थिति में जीत हासिल करेगा। इस दौरान पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, मंडल प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष पवन शर्मा, मंडल अध्यक्ष बनवारी लाल, अजय जांगड़ा जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य, जिला पार्षद ओमप्रकाश मालिया, भतेरी देवी, संजय, पीतांबर सैनी, आशीष आदि भी मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया गया लीडिंग सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 31वां वार्षिक समारोह



**हिसार।** आजाद नगर स्थित लीडिंग सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 31वां वार्षिक समारोह रविवार को धूमधाम से आयोजित किया गया। समारोह का उद्घाटन सेवानिवृत्त प्रो.जीआर गोदारा, डीईओ विजेंद्र सिंह, एम्स दिल्ली के डॉ. कार्तिक अग्रवाल व चारू अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की। प्रिंसिपल संदीप अहलावत व वतन पंघाल ने स्कूल की उपलब्धियों का जिक्र किया। बच्चों ने बहुत से टेक्नोलॉजी, सामाजिक,ओल्ड थीम व मॉर्डन थीम कार्यक्रम में होने वाले सभी कार्यक्रमों पर अपनी प्रस्तुतियां दी। विधार्थियों ने हरियाणवी शादी थीम नाटक पर प्रस्तुति दी और सामाजिक रूप से यह संदेश दिया गया कि हमारे रीति-रिवाज़ व रस्में कम होती जा रही है, जिससे बच्चे अपने कल्चर से दूर होते जा रहे है जो कि उचित नहीं है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले, दसवीं व बारहवीं के मेरिट होल्डर विद्यार्थियों को इस मौके पर सम्मानित भी किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा बैंड परफॉर्मेंस ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। बारहवीं कक्षा की छात्रा हिमांशी शर्मा को स्टूडेंट ऑफ़ दी इयर के ख़िताब से नवाजा गया। स्कूल के डायरेक्टर ड़ा. एसपी पंघाल ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों तथा शिक्षको का आभार व्यक्त किया। उन्होने कहा कि स्कूल की हर गतिविधि में भाग लेना हर विद्यार्थी का कर्तव्य है, इससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है और सीखने की प्रकिया में कभी पिछड़ना नहीं चाहिए।

## सभी कर्मचारियों के प्रयासों से ही विश्वविद्यालय ने बनाई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान : प्रो. कम्बोज

- हकृवि में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गत पांच माह के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवा सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने 30 सेवानिवृत्त हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिह्न भेंट कर के सम्मानित किया। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय अपने सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उत्कृष्ट नेतृत्व, अनुभव और प्रेरणादायक मार्गदर्शन के लिए सदैव आभारी रहेगा। सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है।

विश्वविद्यालय परिवार उनके सुखद भविष्य की कामना करता है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। इस अवसर पर उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर, अधीक्षक विजय बहल व उप अधीक्षक अंजु रानी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय से गत पांच माह के दौरान पांच वैज्ञानिक, एक कैंपस स्कूल शिक्षक तथा 24 गैर शिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. राजेन्द्र कुमार, डॉ. प्रदीप सिंह सहरावत, डॉ. राम करण, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, स्कूल शिक्षक में सुषमा चौधरी जबकि गैरशिक्षक कर्मचारियों में सुरिन्दर जीत कौर, सविता रानी, कृष्णा नंद पांडे, हरपाल सिंह, खमाना राम, सिया नंद, श्री पाल, कृष्ण लाल मुंजाल, नफे सिंह, कन्हैया लाल, राधा कृष्ण, लोकेश कुमार, हनुमान, रोहताश, शेष नाथ, राम मेहर, मारिया देवी, संतोष कुमारी, राजबीर सिंह, जगदीश चन्द्र, बलबीर सिंह, राम कुमार यादव, बसंत बल्लभ व चन्द्रिका प्रसाद शामिल है।



### ड्यूक इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी और नामदेव इंस्टिट्यूट में हुआ एमओयू

**हिसार।** चिड़ोद के नामदेव इंस्टिट्यूट ऑफ कंप्यूटर और ड्यूक इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने हाल ही में एमओयू स्थापित किया है जो शिक्षा क्षेत्र में छात्रों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इसके तहत दोनों संस्थान मिलकर विभिन्न ग्रेजुएशन, पोस्ट-ग्रेजुएशन, मेडिकल और पॉलिटेक्निक कोर्सेज के संचालन और छात्रों के लिए बेहतर अवसर सुनिश्चित करेंगे। इंस्टीटयूट के डायरेक्टर सुनील सर्वा ने बताया कि ड्यूक इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के साथ सहयोग की विशेष बात यह है कि इससे छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण, उद्योग अनुरूप कौशल विकास और पेशेवर मार्गदर्शन मिलने की संभावना है। यह साझेदारी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और गुणवत्ता को बढ़ावा देने का एक प्रयास है और छात्रों के लिए भविष्य के नए मार्ग खोलेगी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी उच्च शिक्षा और व्यावसायिक कौशल दोनों में पारंगत हों और करियर की दुनिया में प्रतिस्पर्धात्मक बने, इसके लिए संस्थान प्रयासरत है।

## छिपी प्रतिभा उजागर करते हैं कार्यक्रमः बिश्नोई

- गूंज क्लब ने किया 'बॉलीवुड म्यूजिकल ईव' का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार



गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गूंज क्लब के सौजन्य से 'बॉलीवुड म्यूजिकल ईव' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मयूर मंच सभागार में हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी छिपी प्रतिभा को उजागर करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने गूंज क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा उनमें आत्मविश्वास और टीमवर्क की भावना को मजबूत करते हैं। गूंज क्लब के मेंटर प्रो. खजान सिंह ने अपने स्वागत सम्बोधन में विद्यार्थियों को सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने लोकप्रिय बॉलीवुड गीतों पर अपनी मधुर आवाज और भावपूर्ण प्रस्तुति से समां बांध दिया। दर्शकों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया और हर प्रस्तुति का भरपूर उत्साहवर्धन किया। इस सांस्कृतिक संध्या की विशेष बात यह रही कि लगभग 13 टीमों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रत्येक टीम ने बॉलीवुड संगीत पर आधारित अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लाइव सिंगिंग, ग्रुप परफॉर्मेंस और सोलो प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी गायन प्रतिभा, मंच संचालन कौशल और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। डॉ. विनीता ने सभी का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी के सहयोग की सराहना की।

### एचएसईबी वर्कर यूनियन में प्रदेश डिप्टी चीफ ऑर्गेनाइजर बने प्रदीप

**हिसार।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित एचएसईबी वर्कर यूनियन बालसमंद सब डिवीजन में कार्यरत प्रदीप लोरा को प्रदेश में डिप्टी चीफ ऑर्गेनाइजर नियुक्त किया गया है। इससे प्रदेश के कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। प्रदीप लोरा 2012 से यूनियन में जुड़े हुए हैं। इससे पहले भी वह प्रदेश में राज्य सह सचिव के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने अनेक पदों पर रहकर कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य किया व यूनियन में अपनी जिम्मेदारियो को निभाया। अब दूसरी बार उनको प्रदेश में यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। यूनिट प्रधान दिनेश गिल ने बताया कि यह कर्मचारियों के लिए बहुत बड़ी खुशी की बात है। इस अवसर पर प्रदीप लौरा ने कहा कि वह कर्मचारियों के हितों के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने राज्य प्रधान इकबाल चंदना व महासचिव यशपाल देशवाल सहित समिति का धन्यवाद किया कि उन्होंने जो जिम्मेदारी सौंपी है वह उन पर खरा उतरेंगे। इस अवसर पर अनिल पहल वित्त सचिव, विकास नेहरा लीगल एडवाइजर सहित कर्मचारियों का आभार जताया।



### अनुग्रहा और भूमि आश्रम ने अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर किए भव्य समारोह

हिसार। अनुग्रहा (क्षेत्रीय संसाधन एवं प्रशिक्षण केंद्र, दिल्ली) तथा भूमि आश्रम, हिसार द्वारा अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में हिसार में दो अलग-अलग स्थानों पर समारोह आयोजित किए गए।



पहला कार्यक्रम मोक्ष वृद्ध आश्रम में तथा दूसरा भूमि आश्रम में आयोजित किया गया। दोनों कार्यक्रमों में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, उनके स्वास्थ्य, अधिकारों और सक्रिय वृद्धावस्था को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। अनुग्रहा संस्था की अध्यक्ष डॉ. आभा चौधरी के निरंतर प्रयासों से ही ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित हो पा रहे हैं। उनकी दूरदर्शिता और समर्पण के कारण वृद्धजनों के कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। वहीं भूमि आश्रम के संचालक मुकेश ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राहुल देशमुख (अनुग्रहा) ने बताया कि इस वर्ष की वैश्विक थीम वृद्धजन स्थानीय और वैश्विक कार्रवाई को आगे बढ़ा रहे हैं। हमारी आकांक्षाएं, हमारी भलाई और हमारे अधिकार है। उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्ग समाज की रीढ़ हैं। उनका अनुभव और आशीर्वाद हमें दिशा देता है। प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. अशोक (एक्यूप्रेशर एवं एक्यूपंक्चर थैरेपिस्ट) ने दोनों कार्यक्रमों में बुजुर्गों को स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने योग, प्राणायाम, हर्बल चाय, संतुलित आहार और हल्के व्यायाम जैसे सरल उपाय अपनाने पर बल दिया। कार्यक्रमों में वरिष्ठ नागरिक महिला-पुरुष, उनके परिवारजन तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### बेबी शो व टैलेंट फिएस्टा में बच्चों ने बिखेरा जलवा

## हितैषी बेस्ट ड्रामेबाज, शिदीक्षा सबसे अट्रैक्टिव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हांसी

सनातन धर्म मॉडर्न पब्लिक स्कूल के परिसर में रविवार को बच्चों की प्रतिभा को निखारने हेतु रोमांचक बेबी शो एवं टैलेंट फिएस्टा का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि डॉक्टर हितांशी मित्तल, वर्षा अग्रवाल व निशा अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत नन्हें-मुन्हें बच्चों ने मम्मी के साथ रैंप वॉक, स्टाइलिश बेबी, आकर्षक मनमोहक मुस्कान, आकर्षक वेशभूषा, बेस्ट डांसर, सिंगर, इंस्ट्रूमेंट प्लेयर, बेस्ट ड्रामेबाज, आदि प्रतियोगिताओं ने भाग लिया और अपनी प्रतिभाएं प्रस्तुत करके सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर डॉक्टर हितांशी मित्तल ने कहा कि नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपने अभिनय कला से सब का मन मोह लिया। वर्षा अग्रवाल व निशा अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय बालकों के विकास के लिए वचनबद्ध है, और वास्तव में ऐसे आयोजन से बच्चों का चहुंमुखी विकास होता है।



हांसी। बेबी शो व टैलेंट फिएस्टा में विजेता बच्चों को सम्मानित करती मुख्यातिथि वर्षा व निशा अग्रवाल उनके साथ हैं स्कूल प्राचार्या ऋतु सिंह।

प्रतियोगिता में रैंप वाक के अंतर्गत स्टाइलिश बेबी ग्रंथिक शर्मा, कायनात, क्यूट स्माइल बेबी हार्दिक, अट्रैक्टिव बेबी शिदीक्षा, यक्षित, एक्टिव बेबी वोश्री विजेता रही। बेस्ट ड्रामेबाज में हितैषी प्रथम व अक्षत द्वितीय स्थान रहे, बेस्ट डांसर केशवी प्रथम व वंशिका द्वितीय तथा भुवन्या तृतीय स्थान पर तथा म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट में पार्थिक खट्टर प्रथम व गाव्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया कार्यक्रम के समापन पर प्रतियोगियों को पदक व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर विद्यालय प्रधानाचार्या ऋतु सिंह ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बाल मनुहारों में छुपी 360 डिग्री प्रतिभाओं को सबके समक्ष लाना एवं उनके उत्साह और ऊर्जा को परिपूर्णता प्रदान करना होता है। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक विज्ञान विभाग अध्यक्षा सुमन झाम्ब ने किया।

## खबर संक्षेप



### किताब ज्ञान के साथ संस्कार भी जरूरी : गंगवा

**सिवानी मंडी।** प्रदेश के लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़क एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा रविवार को सिवानी स्थित नवभारत सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज प्रतिस्पर्धा का दौर है। कड़ी मेहनत करने वाले बच्चे ही आगे बढ़ते हैं। सिवानी को हिसार में मिलाने की मांग पर रणवीर गंगवा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सिवानी को हिसार में मिलाए जाने की उठ रही मांग को लेकर वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चर्चा करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्रवासियों की भावनाओं और मांग को ध्यान में रखते हुए इस विषय को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने नगर पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि वंदना राजेश केडिया के आवास पर पत्रकारों से बातचीत की।

### महलसरा में लगे शिविर में 60 यूनिट रक्तदान



**आदमपुर।** निकटवर्ती गांव महलसरा में स्वर्गीय युवा समाजसेवी, पर्यावरण प्रेमी, रक्तवीर संदीप पूनिया की याद में एक रक्तदान शिविर शहीद भगतसिंह युवा क्लब की ओर से लगाया गया। पिछले वर्ष 24 सितंबर को हृदयगति रुकने से युवा समाजसेवी संदीप की 30 वर्ष का छोटी उम्र में निधन हो गया था। रक्तदान शिविर का शुभारंभ जिला पार्षद बीरसिंह राहड़ व सरपंच महावीर शर्मा ने संदीप को श्रद्धांजलि देकर किया। इस अवसर पर हिसार सिविल हॉस्पिटल टीम ने 60 यूनिट ब्लड संग्रहण किया। इस अवसर पर समाजसेवी मेजर नरषोतम आदमपुर, भूपसिंह फौजी चुली, प्रधान गौशाला बलबीर, देवेंद्र कालीरावण, विनोद मोठसरा, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. सुंदर, प्रधान राजीव पूनिया, डॉ. सीताराम, नवीन गोदारा, अनिल, विकास पूनिया, रामकुमार, रामनिवास गोदारा, सुरेश गोदारा, महावीर बेनीवाल, अशोक गोदारा, अनूप शर्मा अनेक युवा साथी, बुजुर्ग गांववासी मौजूद रहे।



### रोटरी हिसार का सिलाई मशीन वितरण समारोह

**हिसार।** समाज की जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए तथा समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के उद्देश्य रोटरी हिसार ने इन महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित की। इस प्रोग्राम का आयोजन रोटरी हिसार द्वारा भारत विकास परिषद विवेकानन्द शाखा के सहयोग से ऋषि नगर के दिव्यांग व पुनर्वास केंद्र में किया गया। रोटरी हिसार के प्रधान डॉ. केके वर्मा ने बताया कि पिछले लगभग 55 वर्षों से रोटरी हिसार ऐसे जनकल्याण के कार्य करता आ रहा है और इसी कड़ी में इन महिलाओं की जरूरत को देखते हुए ये सिलाई मशीन वितरित की गई है। इस मौके पर रोटरी हिसार के सदस्य डॉ. केके वर्मा, आशीष गोयल, डीएन सिंगला, प्रदीप गुप्ता, पंकज बुड़किया एवं अजय तायल उपस्थित थे। भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा के पदाधिकारी अमर गोयल, मनीराम, राजेश जैन, सीता राम मंगल, हरी ओम, हुकम चंद गोयल, प्रदीप गर्ग एवं ख़ुशी राम ने प्रोग्राम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### हमारा प्यार हिसार टीम ने चलाया सफाई अभियान



**हिसार।** शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं आकर्षक बनाने के उद्देश्य से हमारा प्यार हिसार की टीम ने रविवार को डाबड़ा रोड पर हुडा ऑफिस के सामने स्थित एक बदरंग दीवार को टेराकोटा पेंट से सजाकर नया रूप दिया। टीम के सदस्यों ने मिलकर दीवार की पेंटिंग कर उसे आकर्षक बनाया, जिससे आसपास का वातावरण भी सुंदर दिखाई देने लगा। इस अवसर पर टीम ने केवल सौंदर्यीकरण तक ही सीमित न रहते हुए आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान भी चलाया। फुटपाथ पर जमी मिट्टी व मलबे को हटाकर साफ-सफाई की गई, जिससे आमजन के आवागमन में सुविधा हो सके। अभियान में टीम के अनेक सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इनमें प्रमुख रूप से डॉ सुशील ख़रींटा, डॉ. सुरेंद्र गर्ग, प्रो. हरीश भाटिया, डॉ. राज वर्मा, कमल भाटिया, राजेंद्र गहलोत, दिनेश बंसल, आकांक्षा, सुमन ऐरन, अनुराधा, मधुर गोयल, पूर्वी, लक्ष्य, सुहासिनी आदि थे।



### सर्वसम्मति से दीपक प्रधान और सुनील बने सचिव

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन की हिसार ब्लॉक कमेटी का त्रिवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन रविवार को सकसं कार्यालय में हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता जिला प्रधान रामफल शिकारपुर ने की तथा संचालन देवेंद्र नेहरा ने किया। सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक हिसार प्रधान राजेश बागड़ी ने सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन में ब्लॉक कमेटी का चुनाव करवाया गया। इस दौरान चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक सचिव जय कुमार सिवाच मौजूद रहे। सम्मेलन में ब्लॉक कमेटी का चुनाव सर्वसम्मति से करवाया गया, जिसमें दीपक कुमार खत्री को प्रधान, मंजू वरिष्ठ उपप्रधान, रोशन, नीलम व पंकज उपप्रधान, सुनील आजाद नगर सचिव, रामफल शिकारपुर कोषाध्यक्ष, कमलेश आईटीआई सहसचिव व छबीलदास मौलिया मुख्य सलाहकार चुने गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सर्व कर्मचारी संघ ब्लॉक प्रधान राजेश बागड़ी व सचिव जय कुमार सिवाच ने पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण करवाई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग प्रधान अजमेर चौहान, ममता देवी, पवन कुमार, पशुपालन विभाग प्रधान रणबीर रावत, सुरेंद्र कुमार, संजय कुमार, सावन सिंह, सतीश सैनी, अंशुल भारद्वाज सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### एचकेएसडी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुआ वार्षिक परिणाम व पारितोषिक वितरण समारोह

**हिसार।** नागोरी गेट स्थित श्री एचकेएसडी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व संस्था के प्रधान कैलाश चंद्र चौधरी एडवोकेट द्वारा रिबन काटकर किया गया। मुख्य अतिथि व प्रबंधक कमेटी के सदस्यों का तिलक व बैज लगाकर तथा बुक्के भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या रेनु मल्होत्रा ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की एवं वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप शील्ड प्रदान की गई। कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक के सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी विद्यार्थियों को उनके अव्वल परीक्षा परिणाम पर शुभकामनाएं देते हुए प्रोत्साहित किया। प्राचार्या ने मुख्य अतिथि, प्रबंधक कमेटी के सदस्यों, अभिभावकों व विद्यार्थियों का आभार प्रकट किया।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर रेट तय करने के लिए मांगे सुझाव व आपत्ति

**हांसी।** जिला हांसी में वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित कलैक्टर रेट जारी कर दिए गए हैं। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार कलैक्टर रेट निर्धारित किए जाने हैं। इन पर अब आम जनता से 30 मार्च दोपहर बाद 3 बजे तक सुझाव व आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। जिला कलैक्टर एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि जिला हांसी के 2026-27 के प्रस्तावित कलैक्टर रेट जिला हिसार की वेबसाइट https://hisar.gov.in पर अपलोड कर दिए गए है ताकि आमजन उन्हें देख सकें और अपनी राय दे सकें। जिला प्रशासन के अनुसार, प्राप्त सुझावों का विश्लेषण करने के बाद वर्ष 2026-27 के लिए अंतिम कलैक्टर रेट तय किए जाएंगे।

### अग्रवाल वैश्य समाज हांसी के जिलाध्यक्ष बने मिथुन

**हांसी।** अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने संगठन निर्माण के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मिथुन बंसल को हांसी जिलाध्यक्ष, पवन कुमार गर्ग को महासचिव व पार्षद विनोद सिंगला को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। वृन्दावन में हुए समाज के प्रदेशस्तरीय अधिवेशन एवं द्विवार्षिक चुनाव के दौरान समाज की सभी कार्यकारिणीयों को भंग कर दिया गया था। इसके उपरान्त पुनः प्रदेशाध्यक्ष बने अशोक बुवानीवाला ने रविवार को हांसी जिले की नई कार्यकारिणी के गठन किया। बुवानीवाला ने उम्मीद जताई कि नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी हांसी के अग्रवाल समाज को आगे ले जाने में अहम भूमिका निभाएगी और उम्मीद जताई कि नवनियुक्त पदाधिकारी जल्द अपनी जिलास्तरीय समर्पित एवं निष्ठावान कार्यकारिणी का गठन करेंगे।

### फोन, मोटर व एलसीडी चुराने का आरोपी काबू

**हिसार।** अग्रोहा पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नंगथला निवासी विनोद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटर, एलसीडी व मोबाइल फोन बरामद किए हैं। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### नशीले पदार्थों का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**हिसार।** अर्बन एस्टेट थाना पुलिस टीम ने एनडीपीएस मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार करक लिया है।



आरोपी की पहचान सैनियान मोहल्ला निवासी रमन के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एएसआई नसीब खान ने बताया कि पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए रमन को दबोचा है। उन्होंने बताया कि आरोपी एनडीपीएसके मामलों में पिछले कई दिनों से फरार चल रहा था। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस द्वारा लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी। आरोपी के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत शहर के विभिन्न थानों में चार मामले दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह अन्य स्थानों से नशीला पदार्थ लाकर शहर के छोटे सप्लायरों को सप्लाई करता था। उसे अदालत में पेश करके दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### एलपीजी की कालाबाजारी रोकने को अफसर नियुक्त

**हिसार।** उपायुक्त महेंद्र पाल ने कहा है कि जिले में एलपीजी गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी और अनाधिकृत उपयोग पर रोक लगाने के लिए पूर्व में गठित टीमों के अतिरिक्त विभाग ने नोडल अफसरों की नियुक्ति की है। उन्होंने बताया कि उकलाना/बरवाला के लिए चंद्रमोहन, मोबाइल नंबर 9728761347, हांसी व नारनौंद के लिए आजाद, मोबाइल नंबर 9729755538, आदमपुर के लिए प्रदीप कुहेल, मोबाइल नंबर 9813029031 तथा हिसार के लिए अशोक कुमार, मोबाइल नंबर 7082496509 नोडल अधिकारी रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि एलपीजी की कालाबाजारी, जमाखोरी या अनाधिकृत उपयोग में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति या एजेंसी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

---

### सुबह 4 बजे घटना का पता चलने पर ग्रामीणों ने माइनर बंद करने का प्रयास किया, लेकिन नहीं मिली कामयाबी

# मसूदपुर माइनर टूटी, लोहारी राघो में सैकड़ों एकड़ गेहूं की फसल डूबी



नारनौंद। गांव लोहारी राघो के पास खेतों में टूटी माइनर।

**पीड़ितों ने प्रशासन से की मुआवजे की मांग, सूचना पर जेई ने मौके पर पहुंचकर राजथल हेड से बंद करवाया पानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद



नारनौंद। गांव लोहारी राघो के पास खेतों में जलमग्न फसल।

क्षेत्र के गांव लोहारी राघो में रविवार की सुबह मसूदपुर माइनर टूट गई। इससे सैकड़ों एकड़ गेहूं की पकी हुई फसल जलमग्न होकर बर्बाद हो गई। पीड़ति किसानों ने प्रशासन से तुरंत प्रभाव से मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

रविवार की सुबह करीब चार बजे गांव लोहारी राघो में अनाज मंडी से के पास मसूदपुर माइनर अचानक टूट गई। सुबह जब किसान सुरेंद्र अपने खेत पहुंचा तो उसने देखा कि माइनर टूटी हुई है और सारा पानी खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में जा रहा हैं। उसने तुरंत ही फोन करके गांव के किसानों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही ग्रामीण खेतों की तरफ भाग कर आए और अपने स्तर पर माइनर को बंद करने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। सिंचाई विभाग के अधिकारी को भी सूचना दी। मौके पर सिचाई विभाग के जेई प्रमोद कुमार पहुंचे ओर स्थिति का जायजा लेकर हालात को काबू किया। उन्होंने तुरंत राजथल हेड से माइनर में पानी की आपूर्ति बंद करवाई तथा माइनर के पानी को नाली बनाकर जेसीबी की मदद से साथ लगती ड्रेन में डाला गया ताकि गेहूं की फसल का नुकसान को रोका जा सके। माइनर के दोनों तरफ मिट्टी लगाने का कार्य जारी है जिसमें ग्रामीण भी सहयोग कर रहे हैं। माइनर टूटने से किसान पृथ्वी चावला, राजबीर पूनिया, नन्हा पूनिया, रमेश कुमार और सुरेंद्र सिंह की गेहूं की फसल का नुकसान हुआ है। पीड़ति किसानों ने सरकार और प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनकी फसल पककर तैयार हो चुकी थी। माइनर टूटने से फसल खराब हो गई है। परिवार को पालने के लाले पड़ गए अब सरकार हमारी मदद करके उचित मुआवजा देने का काम करें।

#### ग्रामीणों ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर उठाए थे सवाल

ग्रामीणों ने माइनर के निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल किए जाने के आरोप लगाते हुए प्रशासन और ठेकेदार को लपेटे में लिया था। किसानों का कहना था कि जब वर्ष 2022 में माइनर का निर्माण कार्य चल रहा था तब भी उन्होंने ठेकेदार द्वारा रात के समय माइनर का निर्माण कार्य करने तथा उसमें घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल के आरोप लगाए थे। किसानों का कहना था कि उस समय किसानों ने भी सिंचाई विभाग के जेई और वरिष्ठ अधिकारियों को इस लापरवाही बारे सबूतों समेत बताया गया था। निर्माण के समय क्रेशर की जगह मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा था जिसके सबूत अब भी वीडियो में मौजूद हैं लेकिन प्रशसन के कान पर जूं तक नहीं रेंगी और ठेकेदार के राजनीतिक प्रभाव के चलते उस पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। किसानों ने अब निर्माण में धांधली के आरोप लगाते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। किसानों का कहना है कि इस मामले में किसी भी दोषी को बख्शा न जाए चाहे वह ठेकेदार है या सिंचाई विभाग का जेई या कोई कितना ही बड़ा अधिकारी। यह सरासर भ्रष्टाचार का मामला है। किसानों ने घटिया निर्माण करे वाले ठेकेदार को बलैक लिस्ट किए जाने तथा दोषी अधिकारियों को सस्पेंड किए जाने की मांग की है।

---

## मीरकां के पास नहर में डूबा युवक स्याहड़वा पंप हाउस पर मिला शव

- भगाना के 28 वर्षीय अंकित के रूप में हुई मरने वाले की पहचान
- नहर में नहा रहे युवकों को बाहर निकलने के लिए आवाज लगाई और संतुलन बिगड़ने से खुद ही नहर में गिरकर बह गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। शव को तलाश करते गोताखोर। फोटो : हरिभूमि

निकटवर्ती गांव मीरकां के पास नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 28 वर्षीय युवक अंकित के रूप में हुई है। शनिवार शाम को हुई घटना के बाद से उसका शव तलाश जा रहा था, जो रविवार को स्याहड़वा पंप हाउस के पास बरामद हुआ।

मृतक अंकित भगाना गांव का रहने वाला था और एक वाई-फाई कंपनी में कार्यरत था। वह शादीशुदा था और उसके तीन छोटे बच्चे हैं। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जा रहा है कि जब अंकित मीरकां के पास से गुजर रहा था, तब उसने नहर में नहा रहे युवकों को आवाज लगाई और उन्हें बाहर निकलने के लिए कहा। इसी दौरान जब वह नहर के किनारे पहुंचा, तो अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नहर में गिर गया। नहर का बहाव तेज होने के कारण वह खुद को संभाल नहीं सका और देखते ही देखते पानी में बह गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने तुरंत सर्च अभियान शुरू किया, लेकिन अंधेरा होने और तेज बहाव के कारण प्रारंभिक प्रयासों में सफलता नहीं मिल सकी। रविवार को अंकित का शव स्याहड़वा पंप हाउस के पास बरामद हुआ।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हिसार के नागरिक अस्पताल में भिजवा दिया है। मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है।

---

### नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का मामला

## चिकित्सकों के बोर्ड ने किया शव का पोस्टमार्टम, गांव में अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

हांसी जिले के एक गांव में छेड़छाड़ से तंग आकर आत्महत्या करने वाली नाबालिग लड़की के शव का रविवार को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में डाक्टरों के बोर्ड की ओर से रविवार को पोस्टमार्टम किया गया। आत्महत्या का प्रयास करने की घटना के बाद लड़की को अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव उसके स्वजनों के हवाले कर दिया। पुलिस इस मामले के दो मुख्य आरोपितों को पहले ही जेल भेज चुकी है।

मामले के अनुसार हांसी जिले के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा ने छेड़छाड़ की घटना से परेशान होकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। पीड़ित लड़की का इलाज अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में चल रहा था। शनिवार को इलाज के दौरान पीड़िता ने दम तोड़ दिया। रविवार को डाक्टरों के बोर्ड गठन कर पोस्टमार्टम करवाया गया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने मृतका के शव को उसके स्वजनों के हवाले कर दिया। लड़की का गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

#### ये था मामला

स्कूल जाते समय 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ की गई। लड़की ने तंग आकर घरवालों को सारी घटना बताई कि गांव के ही दो लड़के स्कूल के रास्ते में उसके साथ छेड़छाड़ करते हैं और दोस्ती करने का दबाव बना रहे हैं। अगर दोस्ती नहीं की तो उसको बदनाम करने की भी धमकी दी। गत 22 मार्च को पीड़ित लड़की के भाई ने भी आरोपितों के साथ बातचीत की थी और उन्होंने उसके साथ भी बदतमीजी कर लड़ाई कर मारपीट की थी। इन सभी बातों से आहत होकर पीड़ित लड़की ने 23 मार्च को घर पर ही एक कमरे में अपनी चुन्नी के साथ फंदा लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। घर वालों ने तुरंत ही उसको देख लिया और उसको अस्पताल में लेकर आ गए थे। थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि इस मामले के दोनों आरोपितों को गिरफ्तार करके पहले ही जेल भेज चुके है। मृतका का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया। मामले की गहनता से जांच की जा रही हैं।

---



## 10 साल से फरार भगोड़ा बाबा नायक गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस ने 10 साल से फरार चल रहे आदतन भगौड़ा आरोपी अंजन कुमार उर्फ बाबा नायक गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। उस पर कोई मामले दर्ज हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सूर्यनगर की गली नंबर 22 निवासी आरोपी अंजन कुमार उर्फ बाबा नायक को पकड़ा गया है। फिलहाल वह बिहार के पटना जिले के आजमा दरियापुर गांव में रह रहा है। प्रवक्ता के अनुसार आरोपी के खिलाफ जिला हिसार में हत्या प्रयास, लूट, डकैती, अपहरण, लड़ाई-झगड़ा व आर्म्स एक्ट के 18 से अधिक मामले दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त आरोपी को 8 से अधिक मामलों में अदालत द्वारा घोषित अपराधी (पीओ) घोषित किया जा चुका है तथा वह वर्ष 2016 से फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी। साइबर सेल की मदद एवं गुप्त सूचना (मुखबरी) के आधार पर आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल हुई है। आरोपी को हिसार के एचटीएम थाना में पिछले वर्ष 1 जुलाई को दर्ज जबरन वसूली, सबूत मिटाना व आपराधिक साजिश मामले में गिरफ्तार किया गया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

---

## राज्यसभा चुनाव विवाद : सांसद जेपी ने अजय चौटाला के साथ सरकार को घेरा

- भूपेन्द्र हुड्डा पर लगाए गए आरोपों को जेपी ने किया खारिज



**हिसार।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के कुछ विधायकों द्वारा क्रॉस वोटिंग व कुछ के वोट कैंसिल होने पर पार्टी में चल रहे विवाद के बीच कांग्रेस सांसद जयप्रकाश भी कूद पड़े हैं। उन्होंने जजपा संस्थापक अजय चौटाला पर पलटवार करते हुए मौजूदा भाजपा सरकार पर भी सवाल उठाएं हैं।

हाल ही में जजपा नेता अजय चौटाला ने दावा किया था कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने उन्हें राज्यसभा चुनाव लड़ने का ऑफर दिया और कांग्रेस के 9 विधायकों का समर्थन दिलाने की बात कही। अजय के दावे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सांसद जयप्रकाश ने रविवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह मामला दो अहम सवाल खड़े करता है, क्या ऐसा कोई ऑफर दिया गया और कांग्रेस विधायकों के समर्थन की बात कैसे सामने आई। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में खरीद-फरोख्त सबसे बड़ा खतरा है। इसमें लेने और देने वाले दोनों ही बराबर दोषी हैं। कांग्रेस सांसद ने इस पूरे विवाद को 2024 के सत्ता समीकरणों से जोड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि धनबल और दबाव की राजनीति के जरिए सरकार बनाई गई और अब ऐसे बयान उस रणनीति को उजागर कर रहे हैं। अजय चौटाला द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर लगाए गए 25-25 करोड़ में विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों को जयप्रकाश ने खारिज करते हुए कहा कि यह केवल सुर्खियों में बने रहने की कोशिश है और इसका कोई तथ्यात्मक आधार नहीं है।

---

### अग्रोहा टीले की खुदाई में तेजी लाए सरकार : बजरंग गर्ग

**हिसार।** वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की बैठक अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अग्रोहा के विकास व टीले की खुदाई में हो रही देरी पर विचार किया गया। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा टीले की खुदाई का काम धीमी गति से चल रहा है। एक साल से ज्यादा समय बीत चुका है, अग्रोहा टीले की खुदाई के नाम पर करोड़ों रुपए अब तक खर्च दिखाए जा चुके हैं, मगर धरातल में ऐसा कुछ दिख नहीं रहा है, जिसकी सरकार को जांच करनी चाहिए। सरकार को अग्रोहा टीले की खुदाई के काम में तेजी लानी चाहिए। अग्रोहा टीले पहले जो महाराजा अग्रसेन जी का महल होता था वह जनता की धरोहर है। उन्होंने मांग की कि अग्रोहा टीले की खुदाई में जो भी सामान निकले उसके लिए सरकार को अग्रोहा टीले पर ही म्युजियम बनाना चाहिए ताकि देश व प्रदेश से आने-जाने वाले यात्री टीले के साथ-साथ जो भी सामग्री खुदाई में निकले उसे देख सकें। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष पवन गर्ग, महासचिव चुड़िया राम गोयल, युवा संयोजक अनंत अग्रवाल, निर्माण समिति संयोजक ऋषि राज गर्ग, अग्रोहा प्रधान ईश्वर गोयल, ब्रह्मानंद गोयल भट्टू, पंजाब महिला प्रधान कांता गोयल आदि मौजूद थे।

---

**सर्वजातीय बैठक के बाद कैप्टन अभिमन्यु को सौंपा ज्ञापन**

## ब्राह्मण बाराह खाप यूजीसी कानून के खिलाफ निकालेगी देश में यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद



नारनौंद। बाराह ब्राह्मण खाप के मौजीज लोग भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु को ज्ञापन सौंपते हुए।

खेड़ी चोपटा पर ब्राह्मण बाराह खाप के आह्वान पर सर्व जातीय बैठक बुलाई गई। बैठक में सैकड़ों लोग शामिल हुए जिसकी अध्यक्षता ब्राह्मण खाप के प्रधान कृष्ण शर्मा ने की। बैठक में यूजीसी कानून का विरोध जताया। सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार को तुरंत प्रभाव से इस कानून को वापस लेना चाहिए ताकि आपसी भाईचारा बना रहे।

बैठक के बाद खाप का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु को ज्ञापन देने के लिए पहुंचा। बैठक में सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि यूजीसी कानून समाज में दरार डालने का काम करेगा इसलिए इस कानून को सरकार ने तुरंत प्रभाव से वापस लेना चाहिए। बैठक में बास ग्राम के युवा ने स्वर्ण समाज के लिए अलग देश बनाए जाने का भी मुद्दा उठाया और कहा कि हमारी इस देश में कोई जरूरत नहीं है तो हमें एक छोटा सा देश दे दिया जाए जिसमें हम अपने आप गुजारा कर लेंगे। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि मई के महीने में सभी लोग पैदल यात्रा निकालकर इसका विरोध प्रदर्शन करेंगे। यात्रा के दौरान अन्य लोगों को भी जागरूक करने का काम करेंगे। खाप के मौजिज लोग प्रधान कृष्ण शर्मा, पूर्व सरपंच सुरेश शर्मा, बलवान शर्मा, राजाराम, महावीर श्योराण, कुलदीप दलाल, शमशेर नंबरदार, रामदिया, दशरथ, महेंद्र, शंकर शांडिल्य, बलबीर, सतीश आदि ने खेड़ी चोपटा पर प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु को राज्यपाल के ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि समान नागरिकता कानून को लागू किया जाए, झूठी शिकायत पाए जाने पर शिकायतकर्ता के खिलाफ सजा और जुर्माने का प्रावधान हो।

---

### मानसिक अस्वस्थता के चलते घर से निकल गई थीं

## भाग्यश्री आश्रम में 8 साल बाद पत्नी से पुनर्मिलन

**स्वास्थ्य में सुधार होने पर परिवार का पता बताया तो आश्रम प्रबंधन ने परिजनों से मिलवाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। महिला को लेने आए उसके परिजन व उपस्थित आश्रम पदाधिकारी।

आजाद नगर स्थित भाग्यश्री महिला आश्रम भावुक पुनर्मिलन का साक्षी। आश्रम में एक अत्यंत भावुक दृश्य देखने को मिला, जब आठ वर्षों से बिछुड़ी पत्नी का अपने पति से मिलन हुआ। वर्षों का बिछोह एक पल में आंसुओं में बदल गया और वहां उपस्थित सभी लोग भावुक हो उठे। लगभग दो वर्ष पहले रेलवे पुलिस द्वारा रीता नाम की एक मानसिक पीड़ित महिला को भाग्यश्री महिला आश्रम में छोड़ा गया था जहां उसकी सेवा, उपचार और स्नेहपूर्ण देखभाल के बाद उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ। स्वस्थ होने पर रीता ने अपने गांव का नाम बताया, जिसके बाद आश्रम की टीम और एएचटीयू, एससीबी फतेहाबाद के प्रयासों से कमलापुर की एसएचओ के माध्यम से रीता के परिजनों से संपर्क स्थापित किया।

सूचना मिलते ही उनके पति हरिहर, देवर राम नरेश आश्रम पहुंचे। जैसे ही पति पत्नी आमने-सामने हुए, दोनों की आंखों से आंसू निकल रहे थे। यह दृश्य इतना भावुक था कि वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गई। अपनी पत्नी रीता को लेने पहुंचे पति हरिहर ने भावुक होकर बताया कि उसकी पत्नी वर्ष 2017 में मानसिक अस्वस्थता के चलते घर से निकल गई थीं। हमने दो साल बाद मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी, पति ने बताया कि पत्नी के बिछुड़ने के समय दो बच्चे छोटे थे, अब उनकी शादी हो चुकी है। आश्रम सचिव बलवान सिंह और एएसआई अमित कुमार ने सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया, विदाई के समय आश्रम संचालिका बाला वर्मा ने उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदा किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर प्रिंसिपल कुलदीप सिंह, मेवा सिंह, हिमांशु शर्मा, सोनू ढाका, विक्रम लौरा, सुमन गुप्ता, रतन सिंह दहिया आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

---

### इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन ने चयन के लिए की ट्रायल की घोषणा

**हिसार।** इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन ने हरियाणा राज्य की सीनियर पुरुष एवं महिला रग्बी टीमों के चयन के लिए ट्रायल लेने की घोषणा कर दी गई है। यह निर्णय आईआरएफयू एडहॉक कमेटी व हरियाणा जिला रग्बी संघों के साथ हुई बैठक के बाद लिया गया है। ये ट्रायल सीनियर नेशनल रग्बी 7वीं चैंपियनशिप 2026 में भाग लेने के लिए किए जा रहे हैं, जो राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, राजगीर (बिहार) में आयोजित होगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में महिला वर्ग के मुकाबले 16 व 17 अप्रैल तथा पुरुष वर्ग के मुकाबले 20 व 21 अप्रैल को खेले जाएंगे। हरियाणा टीमों के चयन ट्रायल 30 मार्च को सोनीपत के नांगल कलां स्थित रग्बी मैदान में होंगे। 2008 या उससे पहले जन्मे खिलाड़ी पात्र होंगे, जबकि 2009 में जन्मे खिलाड़ियों को विशेष अनुमति की आवश्यकता होगी। पात्रता के अंतर्गत जिन खिलाड़ियों ने पिछले तीन वर्षों में भारतीय राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया हो या हरियाणा राज्य की ओर से राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं अथवा नेशनल गेम्स में पदक हासिल किया हो उन सभी खिलाड़ियों को सीधे शिविर में शामिल किया जाएगा। सभी खिलाड़ियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य किया गया है तथा उन्हें निवास और जन्मतिथि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। रग्बी इंडिया की ओर से सीनियर डेवलपमेंट मैनेजर विकास चौरसिया, भारतीय असिस्टेंट कोच तिलकराज, अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी भूपेंद्र भोकन एवं ज्योति चौधरी को चयन समिति में शामिल किया है।

---



### मंडी आदमपुर में सरसों की खरीद शुरू

आदमपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कुलदीप बिश्नोई ने रविवार को मंडी आदमपुर में सरसों की सरकारी खरीद प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, व्यापारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कुलदीप बिश्नोई ने किसानों और व्यापारियों से विस्तृत चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं, सुझावों और आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि किसानों की मेहनत और समर्पण देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, और उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करना सरकार और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में आदमपुर के हर गांव, मंडी और पूरे हल्के में विकास कार्यों को तेज गति से आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरसों खरीद प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और सुचारू व्यवस्था के साथ संचालित किया जाएगा, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में आदमपुर को विकास के एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर किसानों और व्यापारियों ने सरसों खरीद प्रक्रिया के समय पर शुरू होने पर संतोष व्यक्त किया और क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि कुलदीप बिश्नोई के नेतृत्व में आदमपुर क्षेत्र निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ता रहेगा।